SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

# ANNUAL EVALUATION 2023-2024

**909** | **A**

Third Language

## HINDI

STD. IX

Time : 90 Minutes

Score : 40

---

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

---

**सूचना : 'मेरी ममतामई माँ' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।**

> हमारा परिवार एक विशाल संयुक्त परिवार था, जिसमें मेरे पिता एवं चाचाओं के परिवारजन एक साथ रहते थे। इस विशाल कुनबे को मेरी दादी और माँ मिलकर संभालती थीं। घर में कभी-कभी तीन-तीन पालनों पर बच्चे झूलते रहते थे। खुशी और ग़म का आना-जाना लगा रहता था।

1. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) परिवार (ख) विशाल

(ग) कुनबा (घ) पालना

2. चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

- कलाम के जीवन पर माँ का बड़ा प्रभाव था।
- कलाम श्री स्वामियार के पास गणित पढ़ते थे।
- कलाम पढ़ाई और कमाई एक साथ करते थे।
- स्कूल की छुट्टी के बाद कलाम खेलने जाते थे।
- कलाम की माँ एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं।
- कलाम साइकिल पर रेलवे स्टेशन जाते थे।

अथवा

कलाम का परिवार संयुक्त परिवार है। संयुक्त परिवार के बारे में अपना विचार जोड़ते हुए टिप्पणी लिखें।

सूचना : 'राग गौरी' पद की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें।

> मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायो।
> मोसों कहत मोल को लीनो तोहि जसुमति कब जायो।।
> कहा कहौं एहि रिस के मारे खेलन हौं नहिं जातु।
> पुनि-पुनि कहत कौन है माता को है तुमरो तातु।।

3. 'मुझे' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द लिखें। 1

(क) तोहि (ख) लीनो (ग) मोहि (घ) जायो

4. कवि और कविता का परिचय देते हुए पंक्तियों का आशय लिखें। 4

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और 5 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> उस नौजवान पक्षी को दीमकों का शौक था। वैसे तो ऊँचे उड़ने वाले पंछियों को, हवा में ही बहुत से कीड़े तैरते हुए मिल जाते, जिन्हें खाकर वे अपनी भूख थोड़ी-बहुत शांत कर लेते।

5. नौजवान पक्षी को किसका शौक था? 1

6. नमूने के अनुसार लिखें। 1

| | |
|---|---|
| पक्षी आकाश में उड़ता है। | पक्षी आकाश में उड़ेगा। |
| बैलगाड़ी सड़क पर चलती है। | बैलगाड़ी सड़क पर.......। |

7. ऊँचे उड़ने वाले पंछी अपनी भूख कैसे शांत कर लेते हैं? 2

सूचना : 'अकाल में सारस' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> एक के बाद एक
> वे झुंड के झुंड
> धीरे-धीरे आए
> धीरे-धीरे वे छा गए
> सारे आसमान में
> धीरे-धीरे उनके क्रेंकार से भर गया
> सारा का सारा शहर

8. 'वे झुंड के झुंड / धीरे-धीरे आए' – कौन आए? 1

9. निम्नलिखित आशय वाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

सारसों की आवाज़ से सारा शहर भर गया।

10. 'अकाल में सारस' कविता के आधार पर 'पर्यावरण पर अकाल का प्रभाव' विषय पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'जिस गली में मैं रहता हूँ...' डायरी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 11 और 12 के उत्तर लिखें।

> असली मुसीबत 5 अक्तूबर 1857 को आई, जब कुछ अंग्रेज़ मेरे घर में घुस आए। उन्होंने मेरे साथ मेरे दोनों बच्चों और नौकरों के साथ ही कुछ पड़ोसियों को भी गिरफ़्तार कर लिया।

11. अंग्रेज़ों ने किसको गिरफ़्तार कर लिया? 1

(क) शाहज़ादा फ़ज़्ल को (ख) ग़ालिब को (ग) चिराग अली को (घ) हरिगोपाल तुफ़्ता को

12. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(अंग्रेज़, ग़ालिब के)

सिपाही घुस आए।

सिपाही घर में घुस आए।

..............................................

..............................................

सूचना : 'संसार पुस्तक है' पत्र का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> दुनिया एक है और दूसरे लोग जो इसमें आबाद हैं हमारे भाई-बहन हैं। जब तुम बड़ी हो जाओगी तो तुम दुनिया और उसके आदमियों का हाल मोटी-मोटी किताबों में पढ़ोगी।

13. 'संसार पुस्तक है' —किसकी रचना है? 1

(क) नेहरू की (ख) गांधीजी की (ग) मुक्तिबोध की (घ) कलाम की

14. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह + का = उसके (ख) वह + की = उसके

(ग) वह + को = उसके (घ) वह + के = उसके

15. सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| दुनिया का हाल | कोई जानदार चीज़ न थी। |
| दुनिया के लोग | अपनी कहानी है। |
| जानवरों से पहले धरती पर | संसार रूपी पुस्तक से मिलता है। |
| छोटे रोड़े की भी | हमारे भाई-बहन हैं। |



exam WINNER ®

सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

> पोस्टमैन मन ही मन कह उठा, "इस बच्ची ने तो मुझे नंगे पैर को जूते दिए। उसके पैर नहीं हैं, वो मैं कैसे दे सकूँगा?" काम खत्म करके वह सीधा पोस्ट ऑफिस गया। बड़े बाबू के टेबल के सामने आकर बोला, "साहब मेरी लाइन बदल दीजिए, सिटी में कहीं भी बदली कर दीजिए।"

16. पोस्टमैन को किसने जूते दिए? 1

(क) माँ ने (ख) बेबी ने (ग) पिता ने (घ) बड़े बाबू ने

17. बेबी ने होली के उपहार के रूप में पोस्टमैन को जूते दिए। मान लें पोस्टमैन उस दिन डायरी लिखता है। वह डायरी लिखें। 4

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यों से नए पोस्टमैन की चार चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें।

- पोस्टमैन बच्चों के से चेहरे वाला है।
- पोस्टमैन कोमल तथा दबी आवाज़ में बातें करता है।
- पोस्टमैन बड़ा आलसी है।
- पोस्टमैन नंगे पैर चलता है।
- पोस्टमैन हमेशा बेबी की माँ के हाथों में डाक सौंपता है।
- उपहार लेने के बाद पोस्टमैन उदास है।

सूचना : 'मेरी ममतामई माँ' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।

> जब मैं खाना खा चुका तो मेरे बड़े भाई ने मुझे एकांत में बुलाकर डाँटा, "कलाम, जानते हो क्या हुआ? तुम रोटी खाते जा रहे थे और माँ तुम्हें रोटी देती जा रही थीं। उन्होंने अपने हिस्से की भी सारी रोटियाँ तुम्हें दे दीं। अभी घर की परिस्थिति ठीक नहीं है। एक जिम्मेदार बेटा बनो और अपनी माँ को भूखों मत मारो।"

18. माँ ने अपने हिस्से की रोटियाँ भी कलाम को दे दीं। क्यों? 1

(क) माँ को भूख नहीं थी। (ख) माँ रोटी पसंद नहीं करती थीं।

(ग) माँ को कलाम से विशेष प्यार था। (घ) माँ के पास बहुत अधिक रोटियाँ थीं।

19. इस घटना के आधार पर मित्र के नाम कलाम का पत्र लिखें। 4

**अथवा**

कलाम और बड़े भाई के बीच की संभावित बातचीत लिखें।